भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 619
(दिनांक 03.12.2025 को उत्तर देने के लिए)

सरकार द्वारा विज्ञापन पर खर्च

619. श्री शफी परम्बिलः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान सरकार द्वारा विज्ञापन पर कुल कितनी राशि खर्च की गई;

(ख) पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राज्य सरकारों द्वारा विज्ञापन पर कुल कितनी राशि खर्च की गई; और

(ग) केंद्र सरकार द्वारा प्रिंट और दृश्य मीडिया में विज्ञापन पर कुल कितनी राशि खर्च की गई?

उत्तर
सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री
(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ग): केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों की ओर से भारत सरकार की स्कीमों/कार्यक्रमों एवं अन्य पहलों से संबंधित विज्ञापन जारी करता है।

समाचार पत्रों से संबंधित विज्ञापन प्रिंट मीडिया विज्ञापन नीति के अनुसार तथा समाचार चैनलों से संबंधित विज्ञापन ऑडियो-विजुअल नीति दिशानिर्देशों के अनुसार जारी किए जाते हैं। विज्ञापन संबंधित मंत्रालयों/विभागों की आवश्यकताओं तथा अभियानों के लक्षित दर्शकों के आधार पर जारी किए जाते हैं।

इन विज्ञापनों पर किए गए व्यय का विवरण सीबीसी की वेबसाइट अर्थात् www.davp.nic.in पर उपलब्ध है।

भारत सरकार द्वारा, राज्य सरकारों के विज्ञापनों पर हुए व्यय का ब्यौरा नहीं रखा जाता है।

****